# 10. सर्वनाम

संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। सर्वनाम के प्रयोग से भाषा सहज और स्पष्ट हो जाती है।

## शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका सर्वनाम की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- छात्रों से सर्वनाम के बारे में जानें।
- बच्चों को समझाएँ कि संज्ञा शब्दों की पुनरावृत्ति बार-बार न हो इसलिए सर्वनाम शब्दों का प्रयोग होता है।
- सर्वनाम के भेद छात्रों से पूछें तदुपरांत स्वयं उन्हें बताएँ।
- पृष्ठ 74-76 पर दिए सर्वनाम भेदों को एक-एक करके समझाएँ।
- पूछें, उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष तथा अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम किनके लिए प्रयोग होते हैं।
- बीच-बीच में सर्वनाम के भेदों के उदाहरणों में से सर्वनाम शब्द बताने को कहें।
- ब्लैकबोर्ड पर वाक्य लिखकर छात्रों से उसमें सर्वनाम पूछें।
- प्रत्येक छात्र को अभिव्यक्ति का अवसर दें।
- अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।